कार्यालय अधिष्ठाता छात्र कल्याण

पत्रांकः अ0छा0क0 / 2690

दिनॉकः अगस्त 30 2022

आवश्यक सूचना

विषय :– शैक्षिक वर्ष 2022–23 हेतु भारत सरकार के छात्रवृत्ति पोर्टल (http://scholarship.gov.in) पर विभिन्न छात्रवृत्तियों हेतु संस्थान अग्रसारण (Institute verification) किए जाने के सम्बन्ध में ।

उपरोक्त विषयक सरकार के छात्रवृत्ति पोर्टल (http://scholarship.gov.in) में विभिन्न छात्रवृत्तियों हेतु विश्वविद्यालय के जो विद्यार्थी GOVIND BALLABH PANT UNIVERSITY OF AGRICULTURE AND TECHNOLOGY (U-0554) का चयन कर रहे हैं उनका संस्थान अग्रसारण (Institute verification) इस कार्यालय से विभिन्न छात्रवृत्तियों की अन्तिम तिथि से 03 (तीन) दिवस पूर्व तक हार्डकापियाँ जमा करने के उपरान्त ही किया जायेगा। अन्तिम तिथि एवं विभिन्न छात्रवृत्तियों के दिर्शा–निदेर्शो (Guidlines) के लिए सरकार के छात्रवृत्ति पोर्टल (http://scholarship.gov.in) का समय–समय पर अवलोकन करते रहें क्योंकि तिथियों में बार–बार परिवर्तन सम्भव है।

आवेदन हेतु शर्ते :–

1. शैक्षिक परिवीक्षा (Acadimic Probation) अथवा चारित्रिक परिवीक्षा (Conduct Probation) पर जो विद्यार्थी है वे आवेदन के पात्र नहीं है अतः उक्त के सम्बन्ध में परामर्शदाता से प्रमाणपत्र संलग्न कराना अनिवार्य है।
2. आवेदन के समय सभी प्रमाण–पत्र अपलोड करने के उपरान्त आवेदन पत्र की हार्डकापी सभी प्रमाणपत्रों सहित परामर्शदाता एवं अधिष्ठाता से हस्ताक्षरित कराकर अन्तिम तिथि से 03 (तीन) दिवस पूर्व इस कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है तभी इस कार्यालय से संस्थान अग्रसारण (Institute verification) हो सकेगा।
3. निर्धारित प्रक्रियानुसार आवेदन न करने पर सम्बन्धित विद्यार्थी स्वंय उत्तरदायी होगा।

(बृजेश सिंह)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपिः–

1. समस्त छात्रावास अभिरक्षकों को विद्यार्थियों के मध्य प्रचार एवं प्रसार हेतु।
2. समस्त महाविद्यालयों /छात्रावासों /कुलसचिव/पुस्तकालय/सी0सी0एफ0/स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नोटिस बोर्डो पर विद्यार्थियों के सूचनार्थ।
3. प्रभारी अधिकारी विश्वविद्यालय वेबसाईट को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।